अवैध मिट्टी खनन के दौरान ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

जेसीबी से खोदाई के दौरान हुआ हादसा, तीन मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के कारोबार ने एक युवक की जान ले ली। गुरुवार तड़के मिट्टी ढुलाई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से २५ वर्षीय चालक आकाश कुमार हरिजन की मौत हो गयी। इस हादसे ने इलाके में बिना अनुमति चल रहे खनन के खेल, प्रशासनिक निगरानी के दावों और स्थानीय पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

जानकारी के अनुसार, हंडिया थाना क्षेत्र के हल्का नंबर चार अंतर्गत ग्राम भिदिवरा बमैला निवासी आकाश कुमार (२५) पुत्र अशोक कुमार जेसीबी से खोदी जा रही मिट्टी को ट्रैक्टर से ढोने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तड़के करीब साढ़े चार बजे पिता को सूचना मिली कि घायल आकाश को स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल ले जाया गया है, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां केवल ट्रैक्टर खड़ा मिला, जबकि मिट्टी और ट्राली को आनन-फानन में मौके से हटा दिया गया था। साक्ष्यों को मिटाने के इस प्रयास ने हादसे की परिस्थितियों पर गहरा संदेह पैदा कर दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी काजल (२४), पांच वर्षीय पुत्र आनंद, तीन वर्षीया पुत्री लाडो और एक वर्ष के मासूम बच्चे को छोड़ गया है। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार पर आजीविका का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लाक्षागृह और आसपास के क्षेत्रों में नियमों की अनदेखी कर १० से १५ फीट तक गहरी अवैध खुदाई की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायती पत्र दिये जाने के बावजूद कोई ठोस कारवाई नहीं की गयी। परिजनों ने हंडिया थाने में लिखित तहरीर देकर खनन स्थल की वैधानिकता, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर सख्त कानूनी कारवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कारवाई की जाएगी।



नगर पंचायत मऊआइमा की रामलीला में भरत मिलाप का मंचन करते कलाकार।

राम-भरत मिलन के भावुक मंचन से छलकीं श्रद्धालुओं की आंखें

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा में रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित विजयदशमी, दुर्गा पूजा एवं भरत मिलाप का पारंपरिक महोत्सव गुरुवार सुबह हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ सकुशल संपन्न हो गया। बुधवार देर रात से प्रारंभ हुआ भरत मिलाप का यह भव्य आयोजन गुरुवार भोर तक निरंतर चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम और भरत के अलौकिक मिलन के दर्शन किये।

नगर के प्रमुख चुनौंटा कुआं चौराहे पर आयोजित इस धार्मिक समारोह में रातभर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। भोर होते ही क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से निकलीं दर्जनों मनोहारी एवं भव्य झांकियां चौराहे पर एकत्रित होने लगीं। झांकियों की अद्भुत छटा और आकर्षक रोशनी देखने के लिए नगर एवं ग्रामीण अंचल से भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। चौराहे पर निर्मित मुख्य मंच पर १४ वर्ष के वनवास के उपरांत अयोध्या लौटे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और अनुज भरत एवं शत्रुघ्न के मिलन का अत्यंत मार्मिक मंचन किया गया। चारों भाइयों के गले मिलते ही समूचा वातावरण 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। इस भावुक दृश्य को देखकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा एवं प्रेम से छलक आईं।

समिति के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन में सहयोग के लिए प्रशासन, पुलिस और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक निमिष खत्री, अध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद केसरवानी, डा. नंदलाल मौर्य, प्रदीप केसरवानी, राहुल, रोहित मौर्य, संजय साहू, शनि खत्री, अनिल यादव, आदर्श केसरवानी, विशाल जायसवाल, सभासद रवि साहू एवं मंजू साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

तेज आवाज में डीजे बजने से हृदय रोगी महिला की मौत का आरोप

पति ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं आईजीआरएस पर की शिकायत

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा में भरत मिलाप के दौरान तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र (डीजे) बजाए जाने से एक हृदय रोगी महिला की जान जाने का गंभीर मामला सामने आया है। मृतका के पति ने डीजे संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने जिम्मेदारों पर विधिक कारवाई और आर्थिक मुआवजे की मांग की है।

कस्बे के कजियाना कलां (सदर बाजार) निवासी मुन्ना लाल गौतम ने बताया कि उनकी ५८ वर्षीया पत्नी सुखरानी देवी हृदय रोग से ग्रसित थीं और चिकित्सकों की देखरेख में घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। मुन्ना लाल का आरोप है कि बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक भरत मिलाप के उपलक्ष्य में निकलीं झांकियों एवं चौकियों के साथ कानफोड़ू आवाज में डीजे बजाए जा रहे थे। गुरुवार तड़के करीब साढ़े पांच बजे उनके घर के सामने से एक साथ कई डीजे तेज आवाज में धमक करते हुए निकले। तीव्र ध्वनि और कंपन के चलते सुखरानी देवी की हालत अचानक बिगड़ गयी और सीने में असहनीय दर्द उठने से उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पति, दो बेटे (संजय एवं राजू) और तीन बेटियां (सुनीता, बबिता एवं सविता) छोड़ गयी हैं। गुरुवार शाम कस्बे के शाहगंज स्थित कब्रिस्तान में शव को दफनाया गया। पीड़ित पति का कहना है कि वे दोनों मजदूरी कर किसी तरह परिवार का गुजारा करते थे। महिला की असमय मौत से परिवार पर आर्थिक एवं मानसिक संकट आ गया है। उन्होंने प्रशासन से लापरवाह डीजे संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और आर्थिक सहायता की गुहार लगायी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा का कहना है कि मामले में लिखित तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कारवाई की जाएगी।



मृतका सुखरानी देवी की फाइल फोटो

मैजिक से टकरायी बाइक युवक की मौत, किशोर गंभीर

हंडिया (प्रयागराज)। नगर पंचायत हंडिया के वार्ड नंबर-१ स्थित किफ़ज़ा गेस्ट हाउस के समीप गुरुवार दोपहर करीब १२ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार १९ वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठा १४ वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, सैदाबाद क्षेत्र के कबिसान बमैला निवासी रजत मिश्रा पुत्र जयप्रकाश मिश्रा अपने चचेरे भाई महाबली मिश्रा पुत्र श्रीप्रकाश मिश्रा के साथ बाइक से अपनी बुआ के गांव अर्जुन पट्टी जा रहे थे। जैसे ही वे जंघई मार्ग पर किफ़ज़ा गेस्ट हाउस के सामने पहुंचे, सड़क किनारे खड़ी एक कार का दरवाजा अचानक खुल गया। अचानक खुले दरवाजे से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे मैजिक वाहन में जा घुसी। हादसे में गंभीर चोट लगने से रजत की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि महाबली लहूलुहान हो गये।

लोगों की मदद से घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र और दो बहनों (एकता एवं अंजली) का अकेला भाई था। पिता किराने की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस जांच कर रही है।

नाले में गिरने से बुजुर्ग मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी ५८ वर्षीय मजदूर भगवंत प्रसाद सरोज की गुरुवार को नाले में गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी।

काफी खोजबीन के बाद शाम को उनका शव नौगिरा बसदेया स्थित नाले से बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, भगवंत प्रसाद सरोज दोपहर में किसी आवश्यक कार्य से नौगिरा बसदेया स्थित नाले की तरफ गये थे। देर शाम तक जब वे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका के चलते उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान उनका शव नाले में उतराया मिला। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि पैर फिसलने के कारण वे गहरे नाले में गिर गये और सुनसान इलाका होने के चलते समय पर मदद न मिलने से उनकी जान चली गयी। मृतक के पुत्र विपिन कुमार सरोज की सूचना पर मऊआइमा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और विधिक कारवाई पूरी की।

परिजनों ने बताया कि मृतक बेहद गरीब थे और मजदूरी कर परिवार का पेट पालते थे। वे अपने पीछे पत्नी, चार बेटे और दो बेटियां छोड़ गये हैं। घर के मुखिया की आकस्मिक मौत से परिवार पर आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

एमएलसी चुनाव के लिए एसीपी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा शांतिपूर्ण मतदान कराने के दिये निर्देश

हंडिया (प्रयागराज) स्नातक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में गुरुवार को एसीपी हंडिया शेषधर पाण्डेय ने हंडिया ब्लाक परिसर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने मतदान केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुरक्षा संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। एसीपी ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान केंद्र पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने, अशांति फैलाने अथवा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कारवाई की जाएगी।

लिफ्ट देकर अधेड़ से रुपये एवं जरूरी दस्तावेज लूटे

मारपीट कर सड़क पर फेंका

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपुरम चौकी के समीप स्कार्पियो सवार अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बहाने बैठाया और रास्ते में मारपीट कर नकदी एवं जरूरी दस्तावेज लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पीड़ित को जबरन गाड़ी से नीचे उतारकर फरार हो गये। पीड़ित ने फाफामऊ थाने में अज्ञात कार सवारों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, जनपद अमेठी के ग्राम राजापुर निवासी शंभूशरण सिंह (५७) २१ अक्तूबर को तेलियरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अपने बीमार रिश्तेदार को देखने प्रयागराज आये थे। अस्पताल से लौटने के बाद उन्हें रायबरेली जाना था। दोपहर करीब एक बजे वह शांतिपुरम चौकी के पास सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे।

इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार उनके पास आकर रुकी। चालक ने रायबरेली जाने की बात सुनकर उन्हें गंतव्य तक छोड़ने का झांसा दिया और कार में बैठा लिया। झांसे में आकर शंभूशरण गाड़ी की अगली सीट पर बैठ गये। आरोप है कि कुछ दूरी तय करने के बाद रास्ते से दो अन्य युवक भी स्कार्पियो में सवार हो गये। सुनसान इलाका आते ही तीनों कार सवारों ने अधेड़ के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट शुरू कर दी और उनका बटुआ छीन लिया। बटुए में १० हजार रुपये नकद और महत्वपूर्ण कागजात रखे हुए थे। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें चलती गाड़ी से जबरन नीचे धकेल दिया और तेज रफ्तार में गाड़ी लेकर फरार हो गये। अचानक हुई इस वारदात से पीड़ित बदहवास हो गये। फाफामऊ पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है, मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर संदिग्ध स्कार्पियो और आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2959248 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2319779 के अंकपत्र यूपी बोर्ड में मेरे पिता का नाम अकरम अली हो गया है जबकि सही नाम हाजी अली है। आसिफ अली पुत्र हाजी अली फरीदाबाद, सुजानगंज, जौनपुर

सूचना

मेरा सही नाम शौर्य मिश्रा है जो शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है किन्तु त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में सौर मिश्रा अंकित है जो गलत है। शौर्य मिश्रा पुत्र अशोक कुमार निवासी गढ़वा कला पोस्ट-बरांव करछना, प्रयागराज

बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र कासिम पुत्र हाफिज सरताज अहमद को बेदखल करता हूं। आज से मेरा मेरे पुत्र कासिम से कोई वास्ता नहीं है। उसके द्वारा किये गये सभी कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हाफिज सरताज अहमद पुत्र गुलाम सैयद निवासी-आजादनगर, नगर पंचायत कोरांव जिला-प्रयागराज

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्री का सही नाम उत्कर्षिता पुत्री सुधीर कुमार गौतम है जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे पुत्री के आधार संख्या XXXX XXXX 1326 में उसका नाम खुशी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्री को उसके सही नाम उत्कर्षिता पुत्री सुधीर कुमार गौतम के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। सुधीर कुमार गौतम पुत्र ब्रम्हदेव निवासी-भदारी सरायममरेज फूलपुर, इलाहाबाद

झूंसी में पीडीए ने १८ बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त

झूंसी (प्रयागराज) प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान तेज करते हुए झूंसी क्षेत्र में बड़ी कारवाई की। जोन-५ के अंतर्गत जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने नरहरपुर और चमनगंज सहित विभिन्न स्थानों पर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कारवाई की।

अभियान के दौरान करीब १८ बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। कारवाई से अवैध रूप से भूखंड विकसित करने वालों में खलबली मच गयी। पीडीए की टीम ने हर्षित शुक्ला एवं अन्य द्वारा नरहरपुर-चमनगंज में लगभग आठ बीघा क्षेत्रफल में की जा रही प्लाटिंग के विरुद्ध कारवाई की। इसके अलावा सुग्रीव कुशवाहा एवं अन्य की ओर से नरहरपुर-चमनगंज क्षेत्र में विकसित की जा रही प्लाटिंग तथा मोहम्मद तहजीब खान द्वारा ह्बूसा मोड़, सरायइनायत परगना झूंसी क्षेत्र में की जा रही प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया गया। इन स्थानों पर बिना स्वीकृत मानचित्र के भूखंड विकसित किए जाने के मामले में प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया। जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में तहरीर दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृत तलपट मानचित्र के अवैध प्लाटिंग और निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कारवाई की जाएगी। पीडीए अधिकारी ने विकासकर्ताओं को निर्देशित किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में तलपट मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद ही नियमानुसार विकास कार्य कराएं। साथ ही आमजन से अपील की गयी है कि किसी भी अवैध प्लाटिंग, बाढ़ क्षेत्र अथवा नियमों के विपरीत विकसित किए गये भूखंडों में जमीन खरीदने से पहले उसकी वैधता और मानचित्र स्वीकृति की जांच अवश्य कर लें। बिना जांच के भूखंड खरीदने पर भविष्य में कानूनी और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

ट्रक चालक पर जानलेवा हमला, पत्थर से फोड़ा सिर

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लेप्रोसी चौराहे के समीप पेट्रोल पंप के पास खड़े एक ट्रक चालक पर दबंगों ने जानलेवा हमला चालक का सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपित सहित पांच अज्ञात के लिए मुकदमा दर्ज किया है। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी मोहम्मद ताजीम पुत्र मोहम्मद सबीर चावल लदा ट्रक लेकर जा रहा था। बुधवार देर शाम उसने लेप्रोसी चौराहे के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास फूलमंडी निवासी बैजू अपने पांच अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचकर गाली देने लगे जिसका विरोध करने पर आरोपितों ने सिर पर पत्थर मारकर चालक लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के राहगीरों एवं दुकानदारों को जुटता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। नैनी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपित बैजू सहित छह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

प्रयागराज-मुंबई रेल मार्ग पर घूरपुर फाटक के पास हुआ हादसा

घूरपुर (प्रयागराज)। प्रयागराज-मुंबई रेल मार्ग स्थित घूरपुर रेलवे फाटक के समीप गुरुवार दोपहर एक अज्ञात युवक ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से युवक के शव के परखच्चे उड़ गये। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय ट्रेन गुजरने के कारण रेलवे फाटक बंद था। उसी दौरान प्रयागराज से मुंबई की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेन को आते देख फाटक के पास खड़ा एक अज्ञात व्यक्ति अचानक दौड़ पड़ा और इंजन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की गति इतनी तेज थी कि युवक को संभलने का अवसर तक नहीं मिला और वह सीधे पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसका शरीर कई टुकड़ों में बंट गया। हादसे की सूचना मिलते ही गौहनिया चौकी प्रभारी अनुराग यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव के अवशेषों को एकत्र कर स्थानीय लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, किंतु देर शाम तक उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी। चौकी प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि मृतक की उम्र करीब ४० वर्ष प्रतीत होती है। उसने सफेद चेकदार शर्ट और काली पैंट पहन रखी थी। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और समीपवर्ती थानों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

थाना औद्योगिक क्षेत्र के फालोअर की तबीयत बिगड़ने से मौत

रामपुर (प्रयागराज)। करछना तहसील क्षेत्र के थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरवा खास निवासी शिव यादव की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। वह पिछले पांच वर्षों से रामपुर पुलिस चौकी पर फालोअर के रूप में कार्यरत थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

जानकारी के अनुसार, शिव यादव रोज की तरह रामपुर पुलिस चौकी पर पुलिसकर्मियों के लिए खाना बनाने का काम करते थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रयागराज शहर के किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी।

इसके बाद परिजन उन्हें लेकर प्रयागराज शहर के लिए रवाना हुए, लेकिन रास्ते में नए पुल पर जाम लगने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। परिजनों के अनुसार, शहर पहुंचने से पहले ही शिव यादव की मौत हो गयी। इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जाता है कि शिव यादव तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां थीं। उनकी अचानक मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचने लगे। वहीं, घटना की सूचना थाना औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलते ही रामपुर चौकी प्रभारी सचिन देव वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कारवाई करते हुए मृतक शिव यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम छाया हुआ है। शिव यादव की अचानक मौत से गांव के लोगों और पुलिस चौकी से जुड़े कर्मचारियों में भी शोक का माहौल है।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY

Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - **23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards**
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - **07th December, 2026 till 05:00 PM**

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.

Registrar

क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल मुण्डेरा, अतिथि गृह, कानपुर रोड प्रयागराज
(E-mail Id-mandiparishadallad@gmail.com)

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0 पत्रा02026-1547 दिनॉक 21/10/2026

-:ई-निविदा सूचना:-

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड प्रयागराज क्षेत्रान्तर्गत परिषद मुख्यालय पत्रांक-मु0अभि0ग्रेड-2/ (गड्ढामुक्ति-8651)/2026-1181 दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से स्वीकृत बजट के परिप्रेक्ष्य में अधोलिखित तालिका में अंकित ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य हेतु वित्तीय रुप से सृद्ध, अनुभवी एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदा ऑनलाइन दिनांक 05.11.2026 तक आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदाएं ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 01.30 बजे खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु. लाख में	धरोहर धनराशि रु. लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का विक्रय (18% G.S.T. सहित) (रू. में)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
	निविदा आमंत्रण					
	मण्डी समिति किशनपुर जनपद फतेहपुर					
1	सम्पर्क मार्ग गाजीपुर अमौसी मार्ग से चकवाजिदपुर तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	33.57	3.35	01 माह	6000	'द' श्रेणी
	मण्डी समिति जहानाबाद जनपद फतेहपुर					
1	सम्पर्क मार्ग गहरुखेड़ा कड़ा अमौनी मार्ग से मोहकमपुर तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	81.80	6.09	1.5 माह	14500	'ब' श्रेणी
2	सम्पर्क मार्ग लहुरी सराय से बुढ़दा मार्ग से नहर वाया कंजरन का डेरा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	41.30	4.06	1.5 माह	7400	'स' श्रेणी
3	सम्पर्क मार्ग फरीदपुर मोड़ से धानेमऊ तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	28.99	2.89	01 माह	5200	'द' श्रेणी
4	सम्पर्क मार्ग भिस्सी से महुवा खेड़ा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	29.66	2.96	01 माह	5300	'द' श्रेणी
	मण्डी समिति फतेहपुर जनपद फतेहपुर					
1	सम्पर्क मार्ग शाह बनारसी रोड से जैतपुर तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	35.40	3.54	01 माह	6300	'द' श्रेणी
2	सम्पर्क मार्ग अब्दुल्ला नगर सेठियानी से नरवा तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	42.31	4.11	1.5 माह	7500	'स' श्रेणी
	मण्डी समिति बिन्दकी जनपद फतेहपुर					
1	सम्पर्क मार्ग फतेहपुर जोनिहा मार्ग सहली से भरसवां तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	45.29	4.26	1.5 माह	8100	'स' श्रेणी

1. परिषद पत्रांक 217 दिनांक 29.05.2023 द्वारा निर्गत आदेश के कम में मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार अपनी श्रेणी सहित नीचे की समस्त श्रेणी की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं।
2. नियम व शर्ते तथा अन्य निविदा सहित प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपस्थित होकर देखी व पढ़ी जा सकती है।

पत्रांक : नि0- 10/नि0प्र0 पत्रा02026-1548 उपनिदेशक निर्माण
दिनाँक 21-10-2026 मंडी परिषद, प्रयागराज